भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 4103

उत्तर देने की तारीख : 30.03.2026

प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (पीएम विकास) योजना के अंतर्गत आवंटित निधि का अल्प उपयोग

4103. श्री प्रकाश चिक बाराईक:

श्री समीरुल इस्लाम:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (पीएम विकास) योजना हेतु बजट प्राक्कलन और संशोधित प्राक्कलन क्या हैं; और

(ख) वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पीएम विकास योजना पर वास्तविक व्यय कितना हुआ है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) और (ख): प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (PM VIKAS) योजना को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना के रूप में क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कौशल विकास, अल्पसंख्यक महिलाओं की उद्यमिता तथा नेतृत्व विकास एवं स्कूल छोड़ चुके विद्यार्थियों को शैक्षिक सहायता के माध्यम से छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों का सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण करना है। यह योजना जनवरी, 2025 में मंत्रालय की पूर्ववर्ती कौशल विकास एवं शैक्षिक सहायता पहलों के एकीकरण के माध्यम से प्रारंभ की गई थी।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए PM VIKAS योजना के संबंध में बजट अनुमान (BE), संशोधित अनुमान (RE) तथा वास्तविक व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रुपए में)

वर्ष	**2024-25**		
योजना	**बजट अनुमान**	**संशोधित अनुमान**	**वास्तविक व्यय**
पीएम विकास प्रतिबद्ध देनदारियां (पूर्ववर्ती योजनाओं हेतु)	244.57	200.00	209.43
पीएम विकास	255.43	30.00	0.00
कुल	**500**	**230**	**209.43**

*****